# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज
# बाँदा (उ०प्र०)

(पूर्ववर्ती डॉ० भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ इन्फारमेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, बाँदा)

## प्रशासकीय परिषद की तेरहवीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | तेरहवीं |
| दिनांक | : | 05 फरवरी, 2025 |
| दिन | : | बुधवार |
| समय | : | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| स्थान | : | 224, बापू भवन, लखनऊ |
| माध्यम | : | ऑनलाइन/ऑफलाइन |

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा की प्रशासकीय परिषद की तेरहवीं बैठक माननीय अध्यक्ष श्री नरेन्द्र भूषण, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन की अध्यक्षता में दिनांक 05 फरवरी, 2025 दिन बुधवार को 224, बापू भवन, लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक का उपस्थिति विवरण निम्न हैः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री नरेन्द्र भूषण,<br>अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन लखनऊ। | अध्यक्ष /उपाध्यक्ष |
| 2. | श्री विष्णु कान्त द्विवेदी, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा नामित प्रतिनिधि)। (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 3. | प्रो० जे० पी० पाण्डेय,<br>माननीय कुलपति, डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 4. | निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर, उ०प्र०। | सदस्य |
| 5. | प्रो० रुचिर गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, (बी०एच०यू०) वाराणसी। | सदस्य |
| 6. | प्रो० विनय कुमार पाठक, प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग, एच०बी०टी०यू०, कानपुर, वर्तमान माननीय कुलपति, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय, कानपुर। (ऑनलाइन) | सदस्य |
| 7. | श्री यादवेन्द्र सचान,<br>एम०डी०, ग्रोमोर इंटरनेशनल लिमिटेड, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो० दीपीक परमार,<br>प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, एच०बी०टी०यू०, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो० राजीव कुमार,<br>प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, आई०ई०टी०, लखनऊ। | सदस्य |
| 10. | प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल,<br>निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा। | सदस्य सचिव |

| मद सं० | मद का विवरण |
|---|---|
| 13:01 | <u>संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 03.08.2022 को सम्पन्न हुई बारहवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।</u><br>प्रशासकीय परिषद की दिनांक 03.08.2022 को सम्पन्न हुई बारहवीं बैठक का कार्यवृत्त माननीय सदस्यों को प्रेषित किया गया था जिसके क्रम में डॉ० सुशान्त कुमार श्रीवास्तव, प्रतिनिधि, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, (बी०एच०यू०), वाराणसी का पत्र कार्यवृत्त के मद संख्या 12:21 के क्रम में प्राप्त हुआ जिसके अनुपालन में संस्थान के वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा पत्र के माध्यम से बतायी गयी शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत डॉ० अमित त्रिपाठी को दिनांक 01 जुलाई, 2022 के स्थान पर दिनांक 01 जनवरी, 2023 से वेतन वृद्धि देते हुये वेतन वृद्धि की तिथि 06 माह बढ़ा दी गयी है। परिषद द्वारा उक्त से अवगत होते हुए इस संशोधन के साथ कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 13:02 | <u>प्रशासकीय परिषद की दिनांक 03.08.2022 को सम्पन्न हुई बारहवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।</u><br>प्रशासकीय परिषद की दिनांक 03.08.2022 को सम्पन्न हुई बारहवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर अब तक कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:03 | <u>वित्त समिति की तेरहवीं, चौदहवीं एवं पन्द्रहवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।</u><br>संस्थान की वित्त समिति की तेरहवीं, चौदहवीं एवं पन्द्रहवीं बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:04 | **<u>IQAC की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।</u>**<br>संस्थान की IQAC की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:05 | <u>संस्थान की भवन एवं कार्य समिति की छठवीं एवं सातवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।</u><br>संस्थान की भवन एवं कार्य समिति की छठवीं एवं सातवीं बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:06 | <u>संस्थान की शैक्षणिक समिति की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।</u><br>संस्थान की शैक्षणिक समिति की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |

| | |
|---|---|
| 13:07 | <u>संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति की सोलहवीं, सत्रहवीं, अठारहवीं, उन्नीसवीं एवं बीसवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।</u><br>संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति की सोलहवीं, सत्रहवीं, अठारहवीं, उन्नीसवीं एवं बीसवीं बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:08 | <u>संस्थान में अतिथि व्याख्याताओं का मानदेय बढाये जाने सम्बन्धी सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान में अतिथि व्याख्याताओं हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश को लागू किये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:09 | <u>संस्थान में स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर की सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान में स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा प्रशासकीय परिषद द्वारा यह अपेक्षा की गयी कि इन्क्यूबेशन सेंटर/इन्क्यूबेटेड स्टार्टअप भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं में अनुदान हेतु आवेदन करें। |
| 13:10 | <u>संस्थान को आबंटित अतिरिक्त 4.108 हेक्टेयर भूमि की चाहर दीवारी कराये जाने एवं विकास योजना बनाने के सम्बन्ध में।</u><br>प्रशासकीय परिषद द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिये गये:-<br>1. किसी भी पूंजीगत कार्य कराने से पहले उस वर्ष के बजट प्रावधान में पूंजीगत कार्यों के मद में इसकी व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता है। प्रस्ताव से यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि बजट की व्यवस्था है या नहीं।<br>2. अधिक से अधिक धनराशि प्राप्त करने के प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाएं। ये प्रस्ताव निदेशक स्तर से शासन में प्राविधिक शिक्षा विभाग के बजट डाक्युमेंट के प्रावधानों का अध्ययन करके अपने स्तर से भेजे जा सकते हैं। परन्तु उसका अनुमोदन वित्तीय समिति, प्रशासकीय परिषद से आवश्यकतानुसार लिया जाना आवश्यक होगा।<br>3. प्रशासकीय परिषद द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि 04 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है। अतः छात्र-छात्राओं के खेल की गतिविधियां वहां पर संचालित की जा सकती हैं और छात्र-छात्राओं से श्रमदान कराकर उस भूमि को समतल करके विभिन्न एक्टिविटी हेतु प्रयोग किया जाना चाहिए। इससे इस भूमि पर कब्जा होने की सम्भावना से भी बचा जा सकता है। |

| | |
|---|---|
| 13:11 | <u>संस्थान के शैक्षणिक भवन, पानी का ओ०एच०टी० टैंक तथा चाहर दीवारी में रंग रोगन हेतु सूचना एवं अनुमोदन के सम्वन्ध में।</u> |
| 13:12 | <u>संस्थान के शैक्षणिक भवन में वर्षा जल संचयन (रेनवाटर हार्वेस्टिंग) हेतु सूचना एवं अनुमोदन के सम्वन्ध में।</u> |
| 13:13 | <u>संस्थान के वाउण्ड्रीवाल में **Concertina wire** लगाने हेतु सूचना एवं अनुमोदन के सम्वन्ध में।</u><br>उपरोक्त तीनों विन्दु एक साथ व्यवहृत किया गया। प्रशासकीय परिषद द्वारा पुनः से यह व्यवस्था दी गई कि सर्वप्रथम वित्तीय समिति के माध्यम से सभी पूंजीगत कार्यों की बजट व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। वित्तीय समिति की संस्तुति के आधार पर और प्रशासकीय परिषद द्वारा बजट अनुमोदित किये जाने के पश्चात उस पूंजीगत कार्य को सम्वन्धित नियमों व क्रय नियमों का पालन करते हुए निदेशक स्तर पर इसकी कार्यवाही सम्पन्न की जाएगी और समय-समय पर वित्तीय समिति व प्रशासकीय परिषद को एक प्रस्तुतीकरण करके इसकी प्रगति से अवगत कराया जाएगा। संस्थान के निदेशक को क्या-क्या प्रशासनिक, वित्तीय व अन्य शक्तियां प्रतिनिधायन की जानी है इसका भी अलग से एक प्रस्ताव निदेशक द्वारा अगली बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा। |
| 13:14 | <u>संस्थान में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रति वर्ष प्रत्येक ब्रान्च में प्रदान की जाने वाली मेरिट छात्रवृत्ति को रु० 3100.00 से बढाकर रु० 10,000.00 किये जाने हेतु सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रति वर्ष प्रत्येक ब्रान्च में प्रदान की जाने वाली मेरिट छात्रवृत्ति को चौदहवीं वित्त समिति के मद संख्या 14:10(VIII) में दिये गये अनुमोदन के क्रम में रू0 3100.00 से बढ़ाकर रू0 19,000.00 किये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। प्रस्ताव में यह स्पष्ट नहीं है कि छात्रवृति कितने छात्रों को दी जाएगी, प्रत्येक वर्ष कितने छात्रों को दी जाएगी, उनके चयन का माध्यम क्या है। अतः अधोहस्ताक्षरी द्वारा जारी किये गये पत्र संख्या-506/एसीएसटीईडी/2025, दिनांक 27 जनवरी, 2025 के अनुसार अगली बैठक में एजेण्डा प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। |
| 13:15 | <u>संस्थान के नियमित संकाय सदस्यों का पंजीकरण, चल-अचल सम्पत्ति का विवरण, सेवा पुस्तिका विवरण, अवकाश आवेदन मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से सम्पादित किये जाने सम्बन्धी सूचना एवं अनुमोदन।</u> |

| | |
|---|---|
| | संस्थान के नियमित संकाय सदस्यों का पंजीकरण, चल-अचल सम्पत्ति का विवरण, सेवा पुस्तिका विवरण, अवकाश आवेदन मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से सम्पादित किये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:16 | <u>अभातशिप द्वारा निर्गत 360 डिग्री फीडबैक प्रारूप के स्थान पर संस्थान में वर्तमान प्रचलित ए०सी०आर० की सततता बनाये रखने के प्रस्ताव पर अनुमोदन।</u><br>प्रशासकीय परिषद द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के पत्र दिनांकित 11.07.2023 को संज्ञान में लिया गया। |
| 13:17 | <u>संस्थान के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग के सहायक आचार्य, श्री अक्षय कान्त के QIP प्रोग्राम हेतु चयन की सूचना के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग के सहायक आचार्य, श्री अक्षय कान्त को QIP योजना के अन्तर्गत आई०आई०टी० (बी०एच०यू०) वाराणसी से Ph.D. करने हेतु दिनांक 18 जुलाई 2024 से 03 वर्ष के सवैतनिक अध्ययन अवकाश की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 13:18 | <u>संस्थान की सहायक आचार्य, डॉ० पूजा सिंह, प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग (गणित) का इलाहाबाद डिग्री कॉलेज प्रयागराज में गणित विभाग के सहायक आचार्य के पद पर चयन होने के पश्चात् संस्थान से कार्यमुक्त किये जाने की सूचना के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान की सहायक आचार्य, डॉ० पूजा सिंह, प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग (गणित) का इलाहाबाद डिग्री कॉलेज प्रयागराज में गणित विभाग के सहायक आचार्य के पद पर चयन होने के पश्चात संस्थान से कार्यमुक्त किये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 13:19 | <u>पं० दीनदयाल उपाध्याय क्वालिटी इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि एवं व्यय का विवरण।</u><br>पं० दीनदयाल उपाध्याय क्वालिटी इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि एवं व्यय के विवरण से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:20 | <u>संस्थान को विद्युत अभियांत्रिकी विभाग हेतु NBA प्राप्त होने तथा यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अपील किये जाने तथा उसके परिणाम के सम्बन्ध में सूचना एवं अनुमोदन।</u><br>संस्थान के सभी तीनों इंजीनियरिंग विभागों बी०टेक० (सूचना प्रौद्योगिकी विभाग), बी०टेक० (विद्युत अभियांत्रिकी विभाग) तथा बी०टेक० (यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग) को NBA से |

| | |
|---|---|
| | Accreditation प्राप्त होने पर परिषद द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। |
| 13:21 | <u>संस्थान द्वारा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) के लिये आवेदन करने हेतु सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान द्वारा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद NAAC पोर्टल खुलते ही पुनः आवेदन किये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई व निर्देश दिये गये कि NAAC accreditation हर सम्भव प्रयास करके प्राप्त की जाए। |
| 13:22 | <u>संस्थान में **Research Policy, Information Technology Policy, E-Waste Management Policy, Bio Medical Waste Management Policy** बनाने हेतु सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान में Research Policy, Information Technology Policy, E-Waste Management Policy, Bio Medical Waste Management Policy बनाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:23 | <u>संस्थान परिसर में पिछली प्रशासकीय परिषद के बाद से अद्यतन हुये विकास कार्यों एवं अन्य शैक्षणिक क्रिया-कलापों की सूचना</u><br>संस्थान परिसर में पिछली प्रशासकीय परिषद के बाद से अद्यतन हुये विकास कार्यों एवं अन्य शैक्षणिक क्रिया-कलापों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई भविष्य में इसे पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए। आगामी बैठकों में किसी एक शैक्षणिक विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा उसके विभाग से सम्बन्धित अच्छे कार्यों व भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में एक विस्तृत प्रजेंटेशन किये जाने हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्देश दिये गये। |
| 13:24 | <u>संस्थान के छात्र-छात्राओं का बीमा कराये जाने के सम्बन्ध में सूचना।</u><br>संस्थान के 745 छात्र-छात्राओं का बीमा, बीमा कम्पनी ओरियंटल इंश्योरेंश कम्पनी लि० द्वारा दिनांक 24.03.2023 से एक वर्ष हेतु कराये जाने एवं संस्थान के 738 छात्र-छात्राओं का बीमा, बीमा कम्पनी ओरियंटल इंश्योरेंश कम्पनी लि० द्वारा दिनांक 07.03.2024 से एक वर्ष हेतु कराये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:25 | <u>संस्थान में अवकाशों हेतु वर्णित "अकादमिक वर्ष" को प्रत्येक वर्ष के 01 अगस्त से अगले वर्ष 31 जुलाई तक किये जाने हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि ए०के०टी०यू० व अन्य यूनिवर्सिटी एवं अन्य कालेजों सभी का एकेडमिक वर्ष एक समान होना चाहिए। अतः इस सम्बन्ध में |

| | |
|---|---|
| | कालेजों और यूनिवर्सिटियों की एकेडमिक सूचना प्राप्त करके अगली बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत करें और समन्वयक के तौर पर यह भी प्रयास करें सभी यूनिवर्सिटी व कालेजों में समान एकेडमिक लागू किये जाएं। |
| 13:26 | संस्थान में सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचनाओं के निस्तारण हेतु विधिक सलाहकार की सेवाएं लिये जाने के सम्बन्ध में।<br>सूचना का अधिकार अधिनियम का अध्ययन कर लिया जाए। कदाचित प्रथम अपीली प्राधिकारी को स्वयं अपने विवेक से ही सूचना उपलब्ध करानी होती है। यह भी नोट किया गया कि यदि सभी को गुणवत्तापूर्ण सूचनाएं उपलब्ध करा दिये जाएं तो कदाचित संस्थान के खिलाफ सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वादों की संख्या में कमी आयेगी। |
| 13:27 | संस्थान में नियमित शिक्षकों के कैरियर उन्नयन योजना हेतु सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।<br>संस्थान में नियमित शिक्षकों के कैरियर उन्नयन योजना की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। संस्थान में नियमित शिक्षकों के कैरियर उन्नयन योजना हेतु बायलॉज में वर्णित स्क्रीनिंग समिति के अनुसार संस्थान के सम्बन्धित विभाग में समुचित विभागाध्यक्ष की संस्थान में अनुपलब्धता होने पर प्रदेश सरकार द्वारा वित्त पोषित अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों अथवा एन०आई०टी० के विभागाध्यक्षों को सम्मिलित किये जाने हेतु संस्थान के बायलॉज को संशोधित किये जाने का प्रस्ताव संस्थान की आगामी प्रशासकीय परिषद की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 13:28 | संस्थान में बी० टेक० (कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) तथा बी० टेक० कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स एंड मशीन लर्निंग) में प्रत्येक कोर्स की प्रवेश क्षमता 60 के साथ दो नये स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम छात्रावास निर्माण के पश्चात् प्रारम्भ करने हेतु अनुमोदन।<br>प्रकरण पर प्रशासकीय परिषद द्वारा भूमि, छात्रावास एवं अन्य आवश्यकताओं की विस्तृत कार्ययोजना आगामी वित्त समिति एवं प्रशासकीय परिषद की बैठक में निर्धारित प्रारूप पर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 13:29 | संस्थान के नियमित शिक्षकों के प्रोबेशन पीरियड हेतु सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।<br>संस्थान के नियमित शिक्षकों के प्रोबेशन पीरियड की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया गया। |

| | |
|---|---|
| 13:30 | <u>संस्थान में सृजित शिक्षक/शिक्षणेतर पदों को स्थाई किये जाने हेतु सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान को सुचारु रूप से चलाने हेतु संस्थान में सृजित निदेशक/शिक्षकों के 12 तथा शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मियों के 99 अस्थायी पदों के स्थाई करण हेतु अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में अपनायी जा रही व्यवस्था का अध्ययन करके प्रस्ताव भेजने हेतु निदेशक को अधिकृत किया गया। |
| 13:31 | <u>संस्थान के नियमित शिक्षकों की भर्ती की प्रचलित प्रक्रिया हेतु सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान के नियमित शिक्षकों की प्रचलित प्रक्रिया, शासन के पत्र संख्या-1/484252/2024/16-1099/65/2023-1 दिनांकित 02 फरवरी, 2024 में वर्णित भर्ती प्रक्रिया, चयन हेतु भरे जाने वाले पदों तथा रोस्टर के सम्बन्ध में प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:32 | <u>संस्थान में 4600 ग्रेड पे से कम ग्रेड पे पर शासन द्वारा स्वीकृत समूह 'ग' के सभी गैर शैक्षणिक पदों पर मानव सेवाप्रदाता के माध्यम से मानवशक्तियाँ लिये जाने हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रस्तुत एजेण्डा नोट से अवगत कराते हुए यह निर्देश दिये गये कि शासन द्वारा जारी शासनादेशों का पालन करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जाए। |
| 13:33 | <u>संस्थान में विभागाध्यक्षों के क्रमावर्तन **(Rotation)** हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान में विभागाध्यक्षों के क्रमावर्तन (Rotation) की पॉलिसी बनाये जाने हेतु अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में अपनायी जा रही व्यवस्था की भाँति संस्थान की नीति बनाकर पुनः प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 13:34 | <u>संस्थान की प्रशासकीय परिषद में प्रोफेसर न होने की दशा में एसोसिएट प्रोफेसर को सदस्य के रूप में नामित करने हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान की प्रशासकीय परिषद में प्रोफेसर न होने की दशा में एसोसिएट प्रोफेसर को सदस्य के रूप में नामित करने हेतु अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में अपनायी जा रही व्यवस्था की भाँति संस्थान की नीति बनाकर पुनः प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 13:35 | <u>संस्थान के निदेशक तथा नियमित संकाय सदस्यों को दिये गये सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित वेतन दिये जाने के सम्बन्ध में।</u> |

| | |
|---|---|
| | संस्थान के निदेशक तथा नियमित संकाय सदस्यों को दिये गये सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित वेतन दिये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:36 | <u>संस्थान के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के सहायक आचार्य, डॉ० मो० तौसीफ खान को पीएच०डी० के उपरान्त तीन अग्रिम वेतन वृद्धियाँ दिये जाने की सूचना के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के सहायक आचार्य, डॉ० मो० तौसीफ खान को दिनांक 23 फरवरी, 2018 से पीएच०डी० उपाधि प्राप्त करने की तिथि से वेतनमान रु० 57,700/- (लेवल-10) के क्रम में तीन अग्रिम वेतन वृद्धियाँ दिये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:37 | <u>माननीय मंत्री जी एवं प्रमुख सचिव की बैठकों के कार्यवृत्त तथा कृत कार्यवाही की सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>माननीय मंत्री जी एवं प्रमुख सचिव महोदय की बैठकों के कार्यवृत्त तथा कृत कार्यवाही की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:38 | <u>संस्थान में मानव सेवा प्रदाता द्वारा प्रदत्त मानवशक्तियों की वेतन वृद्धि किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान में मानव सेवा प्रदाता द्वारा प्रदत्त मानवशक्तियों की वेतन वृद्धि किये जाने हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा पृच्छा की गई कि क्या यह प्रस्ताव वित्त समिति से अनुमोदित होना चाहिए या नहीं। |
| 13:39 | <u>संस्थान में महिला शिक्षिकाओं हेतु बाल्य देखभाल अवकाश के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान में महिला शिक्षिकाओं हेतु बाल्य देखभाल अवकाश के सम्बन्ध में प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के निदेशक को एक समान नीति बनाये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 13:40 | <u>सी०एस०टी० यू०पी० द्वारा प्रायोजित परियोजना आईडी : 4473 के अन्तर्गत रु० 15.28 लाख अनुदान प्राप्त होने की सूचना।</u><br>सी०एस०टी० यू०पी० द्वारा प्रायोजित परियोजना आईडी : 4473 के अन्तर्गत संस्थान को रु० 15.28 लाख अनुदान प्राप्त होने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:41 | <u>सी०एस०टी० यू०पी० द्वारा प्रायोजित परियोजना आईडी : 3503 के अन्तर्गत रु० 13.08 लाख अनुदान प्राप्त होने की सूचना।</u> |

| | |
|---|---|
| | सी०एस०टी० यू०पी० द्वारा प्रायोजित परियोजना आईडी : 3503 के अन्तर्गत संस्थान को रु० 13.08 लाख अनुदान प्राप्त होने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:42 | <u>कॉन्ट्रैक्ट की अवधि नये सेवा प्रदाता के चयन हो जाने तक बढाने के सम्बन्ध में सूचना एवं अनुमोदन।</u><br>समयाभाव के कारण चर्चा नहीं हो पाई |
| 13:43 | <u>संस्थान में कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, उ०प्र० जल निगम इकाई बाँदा द्वारा बनाया गया सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट (एस०टी०पी०) अभी तक अधूरा निर्मित होने तथा टाइप-2 आवास का अद्यतन हैंडओवर न किये जाने के सम्बन्ध में सूचना।</u><br>संस्थान में कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, उ०प्र० जल निगम इकाई बाँदा द्वारा बनाये गये सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट (एस०टी०पी०) को अभी तक अधूरा निर्मित होने तथा टाइप-2 आवास का अद्यतन हैंडओवर न किये जाने से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। बैठक में परियोजना प्रबन्धक सी० एन्ड डी०एस० उपस्थित हुये जिन्हें आगामी 2 माह में एस०टी०पी० का पूर्ण संचालन किये जाने एवं टाइप-2 आवास का फायर एन०ओ०सी० सहित हैंडओवर कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही वर्तमान परियोजना प्रबन्धक के पूर्व के 02 परियोजना प्रबन्धकों के निलंबन की संस्तुति शासन को प्रेषित किये जाने एवं मानकों को पूर्ण न करते हुये टाइप-2 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने से संबन्धित अधिकारियों के निलंबन की संस्तुति किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 13:44 | <u>संस्थान के नियमित संकाय सदस्यों को शोध प्रकाशन हेतु वित्तीय सहायता के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान के नियमित संकाय सदस्यों को गुणवत्तापूर्ण शोध प्रकाशन हेतु वित्तीय सहायता दिये जाने के प्रस्ताव से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 13:45 | <u>संस्थान में ग्रीष्म एवं शीतकालीन अवकाश घोषित किये जाने हेतु संस्थान के निदेशक को अधिकृत किये जाने के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान में ग्रीष्म एवं शीतकालीन अवकाश घोषित किये जाने हेतु संस्थान के निदेशक को अधिकृत किये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई व निर्देश दिये गये कि सभी इंजीनियरिंग कालेजों व यूनिवर्सिटियों में एक समान व्यवस्था लागू किये जाने के निर्देश दिये गये। |
| 13:46 | <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।</u> |

| | |
|---|---|
| 13:46(i) | <u>संस्थान में मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना में शिशिक्षु प्रशिक्षार्थियों को रखे जाने, मानदेय दिये जाने हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान में मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना में शिशिक्षु प्रशिक्षार्थियों को रखे जाने, मानदेय दिये जाने के प्रस्ताव को वित्त समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 13:46(ii) | <u>संस्थान में कार्यरत प्रभारियों/अधिकारियों द्वारा संस्थान के प्रशासनिक कार्यों के लिये जाने पर ऑनड्यूटी माने जाने हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।</u><br>सभी इंजीनियरिंग कालेजों में एक जैसी व्यवस्था लागू किये जाने के बारे में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। |
| 13:46(iii) | <u>संस्थान के गैर शैक्षणिक समूह-ग के पदों हेतु नियमावलियाँ अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में सूचना एवं अनुमोदन।</u><br>संस्थान के गैर शैक्षणिक समूह-ग के पदों हेतु नियमावलियाँ अंगीकृत किये जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 13:46(iv) | <u>डॉ० अमित त्रिपाठी के प्रकरण पर गठित तथ्यान्वेषी (Fact finding) समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के सम्बन्ध में।</u><br>प्रकरण से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा प्रस्तावित एक सदस्यीय जाँच समिति (जिसके सदस्य प्रोफेसर जी० एस० तोमर, निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज सोनभद्र होंगे) से चार सप्ताह में जाँच रिपोर्ट प्राप्त किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

(प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल)
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा

(श्री नरेन्द्र भूषण)
अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा